हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–126 : जौनपुर, शनिवार 14 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## टीकाकरण में न हो कर्मचारियों की कमी : लगाए दो लाख 24 हजार कर्मचारी –उप मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : 13 जनवरी से पांच साल से छोटे बच्चों के टीकाकरण अभियान को रफ्तार देने में कर्मचारियों की कमी आड़े नहीं आयेगी। दो लाख 24 हजार से ज्यादा कर्मचारी अभियान में लगाये गये हैं ताकि कोई भी टीकाकरण से वंचित न रहे। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक भी करेंगे। नौ जनवरी से टीकाकरण अभियान चल रहा है। जो कि 20 तक चलेगा। इसके बाद 13 से 24 फरवरी को दूसरे चरण का अभियान चलेगा। तीसरे चरण में 13 से 24 मार्च तक अभियान चलेगा। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि पांच साल तक के सभी बच्चों का टीकाकरण होना है। खास बात यह है कि जो अभिभावक बच्चों को टीकाकरण कराने में हिचक रहे हैं। उन्हें राजी करना है। टीकाकरण के लिए जागरूक भी करना है। इससे सभी बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य पूरा होगा। अभी भी अभिभावकों में तमाम तरह की भ्रम की स्थिति है। इसे दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैसे पोलियो की दवा पिलाने को लेकर लोगों के मन में आशंका रहती है लेकिन उसे दूर करने में कामयाबी मिली। नतीजतन आज यूपी को पोलियो मुक्त है। इसी तरह टीकाकरण अभियान को लेकर भी लोगों में जागरूक करना है। कर्मचारियों



की पर्याप्त संख्या लगाई गई उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि टीकाकरण को सफल बनाने लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। 23399 एएनएम को अभियान में लगाया गया है। एक लाख 10 हजार 488 आशा टीकाकरण अभियान में लगाई गई हैं। 78888 आंगनबाडी वर्कर भी अभियान से जोड़ी गई हैं। इन सबकी निगरानी के लिए 11270 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। टीकाकरण के कुल 114186 सेशन आयोजित किये जायेंगे।

## उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने पतंग उड़ा कर किया पुरानी पेंशन की मांग

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 14–01–2023 को प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा जौनपुर के द्वारा इंदिरा स्टेडियम के निकट पतंग के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी,माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने हेतु पतंग उड़ा कर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष संजय कुमार चौधरी जिला मंत्री शिवकुमार यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को पुरानी पेंशन ही एकमात्र सहारा है यह कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी होती है सरकार को पुरानी पेंशन बहाल कर उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों के साथ न्याय करना चाहिए। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामआसरे यादव, जिला कोषाध्यक्ष हीरालाल भारती, जिला उपमंत्री समरनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश मौर्य, जिला संगठन मंत्री संतोष राय, जिला



उपाध्यक्ष रामसमुझ यादव, जिला संगठन मंत्री संजय यादव, ब्लॉक अध्यक्ष करंजकला मंगला प्रसाद यादव, ब्लॉक मंत्री करंजाकला सुरेंद्र सरोज, जंगबहादुर यादव, संतोष यादव, विनय कुमार, मनोज यादव, फूलचंद भारती, अरविंद सोनकर, बंसराज, इस्लाम अली, त्रिभुवन, सुनील सोनकर,विनोद कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मकर संक्रांति पर्व पर करें यह उपाय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शास्त्री आशीष कुमार मिश्र ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर प्रातः कालीन स्नान करने के पश्चात भगवान सूर्य को जल अवश्य अर्पण करें इससे आत्म बल एवं मानसिक तनाव से हमें मुक्ति मिलेगी। 'सूर्य मंत्र'। 'एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते। अनुकम्पय मां देव गृहाणार्घ्यं दिवाकर...' ऊं सूर्याय नमः मकर संक्रांति पर्व पर किसी भी शिवालय मंदिर में जाकर के भगवान शिव को जल बेलपत्र तिल अर्पण करने से हमारे



समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। मकर संक्रांति के पर्व पर अपने गुरु आचार्य को भाव रुपी अवश्य कुछ भेंट या दान करें। मकर संक्रांति पर्व की आप सभी स्वस्नेही जनों को हार्दिक शुभकामनाएं , भगवान सूर्य की कृपा आप सभी स्व स्नेही जनों के जीवन पर बनी रहे।

## छोटे लाट साहब के जुलूस को लेकर हुई बैठक : नगर मजिस्ट्रेट ने निषेधात्मक कार्यवाही के दिए निर्देश

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहाँपुर : : नगर मजिस्ट्रेट श्री आशीष कुमार सिंह ने शनिवार को थाना आर.सी. मिशन में बैठक कर प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर आयोजित होने वाले 'छोटे लाट साहब' के जुलूस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जुलूस के दृष्टिगत तैनात किए जाने वाले एस.पी.ओ. की सूची की पुनः जांच कर उपयोगिता एवं कार्यकुशलता देख ली जाय। जुलूस एवं होली के पर्व के दृष्टिगत निषेधात्मक कार्यवाही समय से किए जाने के निर्देश भी नगर मजिस्ट्रेट ने दिए। उन्होंने पूर्व के आयोजनों के विषय में उपस्थित लोगों से फीडबैक लिया एवं शांतिपूर्ण आयोजन की अपील भी किया। नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस बल के साथ रूट का भी भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौहान सहित



आयोजक झब्बू लाल गुप्ता, श्री राहिल खान , संजीव गुप्ता , लल्ला सिंह , राशिद कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत राज अधिकारी का विकास खंड बल्दीराय में तूफानी दौरा : कई ग्राम सभा का किया स्थलीय निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : ग्राम सभा हेमनापुर विकास खंड बल्दीराय में जिला पंचायत राज अधिकारी आर के भारती ने विकास कार्यों कि स्थलीय निर्माण कार्य का जायजा लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वल्लीपुर में बनाये गये सोखता गड्ढा मानक के अनुरूप ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिनों के अंदर मिट्टी कार्य करवाये जाने और सौन्दर्यीकरण का दिशानिर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर नहीं हुआ भुगतान तो उन कार्यों को श्रमदान घोषित कर सचिव को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया जायेगा। इसी क्रम में ग्राम सभा जरई कला प्रधान शांन्ति देवी सेक्रेटरी चंदन गुप्ता के विकास कार्यों से असंतोष व्यक्त करते हुए डीपीआरओ ने दिया सख्त दिशानिर्देश। हफ्ते भर में विकास कार्य को मानक के अनुरूप करे नही तो करेंगे विभागीय कार्रवाई। डीपीआरओ के



तेवर को देखते हुए पंचायत विभाग में मची खलबली। इसौली ग्राम पंचायत में विकास कार्य मानक के अनुरूप मिलने पर ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव रवि राणा कि अनुशंसा की और विकास कार्यों में सहयोग करने की सहमति जताई।

## एसडीएम ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कम्बल

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : तहसील सवायजपुर क्षेत्र में बढ़ती सर्दी को देखते हुए प्रशासन ने जरूरत मंदों को गर्म कम्बल का वितरण तेज कर दिया है। इसी क्रम में सवायजपुर एसडीएम ने भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्राम मुंडेर,रहतौरा,आदि कई गांव के गरीब, असहाय ,जरूरत मंदों को कंपकपाती ठण्ड से बचाव को लेकर जरूरतमंदों को



कम्बलों का वितरण किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हरियाली किसान बाजार में किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन चीनी मिल महाप्रबंधक पी0के0 सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जानकारी के मुताबिक सवायजपुर एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह व तहसीलदार अरुणिमा श्रीवास्तव एवं चीनी मिल के महाप्रबंधक पी0के0 सिंह ने विकास खण्ड भरखनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुंडेर समेत कई गाओं के गरीब,असहाय, जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया साथ ही एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह ने पाली कस्बे में पहुँचकर गरीब, असहाय,जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। गरीब जरूरत मंदों ने कम्बल पाकर राहत महसूस की साथ ही कम्बल पाकर गरीबों ने एसडीएम,एवं तहसीलदार को दुआएँ दीं।उपजिलाधिकारी ने कहा

## खिचड़ी सहभोज के आयोजन से सामाजिक सद्भाव और समरसता में होती है वृद्धि –पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक एकता, समरसता, ओजस्विता एवं प्रगति के पर्व मकर संक्रांति पर खिचड़ी सहभोज के आयोजन से सामाजिक सद्भाव और समरसता में वृद्धि होती है और इस तरह का आयोजन समाज के सभी जाति धर्म पंथ और वर्ग के लोगों को एकजुट रखने में सहायक होती है। उपरोक्त बातें जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने जौनपुर नगर दक्षिणी में आयोजित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में यह त्योहार विभिन्न नामों से मनाया जाता है। सभी प्रांतों में इस त्योहार को मिल जुलकर मनाने की परंपरा रही है। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से भाजपा के कार्यकर्ता वर्ग, मत, पथ, संप्रदाय को जोड़कर संपन्न और सशक्त भारत का निर्माण करना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के सभी दबे, कुचले, शोषित, अमीर–गरीब भाइयों के साथ भोजन कर ऊंच–नीच जात पात का भेदभाव खत्म करने का जो प्रयास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर करते हैं वह समाज के अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता एवं अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कहा कि खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम से सामाजिक एकता बलवती होती है। भारतीय जनता पार्टी सभासद दल के नेता नंद लाल यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सहभोज कार्यक्रम आदि काल से चला आ रहा है जो हमारी समृद्ध परंपरा का द्योतक है। पंजाबी अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य जसविंदर सिंह एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने भी खिचड़ी सहभोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा



कि साथ बैठने और साथ भोजन करने से परस्पर प्रीति बढ़ती है और संगठन मजबूत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने की। आए हुए अतिथियों का आभार कार्यक्रम संयोजक / नगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा शिव कमल मौर्य ने प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल,भूपेंद्र सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम मोहन अग्रवाल, सूर्य प्रकाश सिंह "मुन्ना", मिलन श्रीवास्तव, मानिक चंद सेठ, विनय सिंह, सुभाष कुशवाहा, सुरेंद्र जायसवाल, राजकुमार मौर्य, मनीष श्रीवास्तव, रोहित सिंह भारद्वाज, सुधांशु सिंह, डॉ. संतोष आर्या, विनीत शुक्ला, जय हिंद गुप्ता, अमर जौहरी, नगर उपाध्यक्ष बसंत प्रजापति, जय विजय सोनकर, डॉ. कमलेश निषाद, मनोज तिवारी, राजेश कन्नौजिया, नगर मंत्री रीता पटेल, अरविंद गुप्ता, दीपक मिश्रा, संदीप जायसवाल, सुलभ श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, सुधांशु विश्वकर्मा, रतन निषाद, श्रवण मौर्य, राहुल निषाद, विपिन सिंह, जटाशंकर त्रिपाठी, गौरव जायसवाल, डॉ राम सूरत मौर्य, संतोष मौर्य, रामकृष्ण नारायणन, शिवकुमार, भूपेंद्र पांडे, अभिषेक कुमार, आयुष अस्थाना, राजवीर सिंह, पंकज श्रीवास्तव, सिपिन सिंह, अजीत श्रीवास्तव, रोहन सिंह, प्रदीप गुप्ता सतेंद्र प्रताप सिंह, रामआसरे मोदनवाल, सुलभ श्रीवास्तव, विवेकानंद चतुर्वेदी, प्रमोद सिंह, राम भारत यादव, अंकित सिंह, रोहित मौर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जेसीआई जौनपुर ने मकर संक्रांति पर लाई चूड़ा और पतंग का किया वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर की जेजे विंग द्वारा मकर संक्रांति का त्यौहार मोहल्ला तूतीपुर, ताड़तला जौनपुर मे गरीब व जरूरत मंद बच्चों के बीच लाई, चूड़ा और पतंग का वितरण करके मनाया। संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं। ऐसी धारणा है कि इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुनः प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संयोजन जेजे विंग के आयुष जयसवाल पुत्र श्री सर्वेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल, हाफिज




शाह, प्रदीप सिंह, आरिफ अंसारी, अजय नाथ जयसवाल, मनीष विशाल तिवारी, राज साहू, जेजे आरना केशरवानी मौजूद रही। सचिव आकाश केसरवानी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## शुक्रवार देर सायं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डब्ल्यू.सी. डी.सी. की जनपद की प्रथम बैठक का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट 2.0 (न्यू जनरेशन) के अंतर्गत वाटरशेड डेवलपमेंट कम डाटा सेन्टर डब्ल्यू.सी.डी.सी. की जनपद की प्रथम बैठक का आयोजन शुक्रवार देर सायं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भूमि संरक्षण अनुभाग कृषि विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद जौनपुर के विकासखंड बदलापुर और करंजाकला के अंतर्गत 19 माइक्रो वॉटरशेड में लगभग 10000 हेक्टेयर भूमि का भूमि एवं जल संरक्षण के विभिन्न कार्यों द्वारा उपचार करने के साथ साथ परियोजनान्तर्गत आने वाले परिवारों की आजीविका में कृषि उत्पादक समूहों, स्वयं सहायता समूहों आदि के माध्यम से वृद्धि करने का लक्ष्य लेकर परियोजना संचालित की जाएगी। यह योजना जनपद में 4



साल के लिए विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से कार्यान्वयित की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्लान बनाकर समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्वक कार्य किया जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शुक्रवार देर सायं जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक शुक्रवार देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कार्यरत एजेंसी में वेलस्पन कावेरी इंफ्राप्रोजेक्टर (जे०वी०) को न्यूनतम 500 नग प्रतिदिन घरों में कनेक्शन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं एफकान्स इन्फ्राट्रक्चर को स्वीकृत पेयजल योजना पर कार्य प्रारंभ कर अधिक से अधिक ग्रह संयोजन दिया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य का स्पीड बढ़ा कर प्रगति दे, फरवरी तक कार्य में प्रगति दिखनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को कहा कि जमीन संबंधी किसी प्रकार की परेशानी आने पर मुख्य विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जो कार्यदायी संस्था कार्य में लापरवाही / विलंब कर रही हो तो अवगत कराते हुए नोटिस दे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया

13 जनवरी 1977 को जन्मे ऑरलैंडो ब्लूम को आपने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द फैलोशिप ऑफ द रिंग' (2001), 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द टू टॉवर्स' (2002) तथा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिटर्न ऑफ द किंग' (2003) में अवश्य देखा और सराहा होगा। ऐसा इसलिए कह रही हूं क्योंकि एक समय इन फिल्मों ने भारत में भी धूम मचा दी थी।

वैसे आप 'पाइरेट्स ऑफ द कैरिबियनः द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल', 'पाइरेट्स ऑफ द कैरिबियनः डेड मैन'स चेस्ट' (2006) एवं 'पाइरेट्स ऑफ द कैरिबियनः एट वर्ल्ड'स एंड' (2007) के विल टर्नर को भी नहीं भुला पाएंगे क्योंकि यह फिल्म भी भारत में खूब देखी गई। इसने 2017 में बनी 'पाइरेट्स ऑफ द कैरिबियनः डेड मेन टेल नो टेल्स' में भी काम किया है। इस ब्रिटिश अभिनेता ने 'द थ्री मस्केटीअर्स', 'रोमियो एंड जूलिएट', 'द होबिटः द बैटल ऑफ द फाइव आर्मीज' आदि तमाम फिल्मों में काम किया है।

ऑरलैंडो का भारत से रिश्ता

जिंदगी मानवता के लिए है, ऐसा मानने वाले, 29 पुरस्कार पाए, ओर्ली के नाम से जाने जाते इस अभिनेता ने टीवी में भी काम किया है और इसकी कई फिल्में प्रदर्शित होने के लिए तैयार हैं। एक मजेदार बात बताऊं ऑरलैंडो ब्लूम के बारे में, जिससे आपको इस अभिनेता से थोड़ा और लगाव हो जाएगा। इसकी मां सोनिया कोन्सटैंस जोसेफिन ब्लूम हमारे देश भारत के कलकत्ता (आज के कोलकता) में पैदा हुई थी।

ऑरलैंडो के पिता हैरी ब्लूम प्रसिद्ध राजनैतिक कार्यकर्ता थे, जिसने दक्षिण अफ्रीका में गृहयुद्ध के लिए युद्ध भी किया था। मगर दुःख की बात है कि जब ऑरलैंडो ब्लूम मात्र चार साल का बच्चा था, तब हैरी ब्लूम हृदयाघात से चल बसा। पिता की मौत के बाद ऑरलैंडो ब्लूम तथा उसकी बड़ी बहन सामान्ता ब्लूम अपनी मां और पारिवारिक मित्र कोलिन स्टोन की देखरेख में बड़े हुए।

अगर मां न बताती तो ऑरलैंडो और उसकी बहन को कभी पता न चलता कि हैरी ब्लूम नहीं बल्कि कोलिन स्टोन उनका असली पिता है। उस समय ऑरलैंडो किशोरावस्था में प्रवेश कर रहा था। 13 वर्ष के किशोर को उसकी मां ने बताया कि यह छिपा कर नहीं किया गया बल्कि उसके पिता की रजामंदी से हुआ। हैरी को 1975 में भी हृदयाघात हुआ था और उसके बाद उसके बच्चे पैदा करने की क्षमता समाप्त हो गई थी।

ऑरलैंडो ब्लूम डिस्लैक्सिया का शिकार था अतः कैंटबरी के सेंट एडमंड स्कूल में पढ़ते हुए उसे काफी परेशानी हुई। मगर उसे कुम्हारगिरी, फोटोग्राफी और मूर्तिकला पसंद थी। वह स्कूल तथा स्थानीय नाटकों में भी सक्रीय था। वह प्रशिक्षण हेतु म्यूजिक तथा ड्रामा स्कूल भी गया। मां ने भाई–बहन को साहित्य पढ़ने केलिए प्रेरित किया और भाई–बहन ने कविता तथा बाइबिल प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार जीते।

कम उम्र से ही अभिनय का शौकीन

16 साल की उम्र में ऑरलैंडो ने लंदन के 'नेशनल यूथ थियेटर' में काम किया और दो साल में स्कॉलरशिप जीत कर प्रशिक्षण के लिए 'ब्रिटिश अमेरिकन ड्रामा अकादमी' पहुंच गया। उसने 'कौजुआल्टी', 'मिडसमर मर्डर्स', 'स्मैक द पोनी' जैसे ब्रिटिश टीवी शो में भी काम किया। 1997 में उसे प्रसिद्ध फिल्म 'वाइल्ड' में अभिनय का अवसर प्राप्त हुआ।

जिंदगी अजीब खेल दिखाती है। 1998 में ऑरलैंडो तीसरी मंजिल की छत से गिर गया और उसकी पीठ की हड्डियां टूट गई। लगा वह जीवन भर के लिए अपाहिज हो जाएगा मगर उसकी जिजीविषा मजबूत थी जल्द ही वह ठीक हो कर फिर से मंच पर था।

सच में जीवन के खेल निराले होते हैं। 1999 में एक रात ऑरलैंडो दर्शकों में बैठा हुआ था कि निर्देशक पीटर जैक्सन की निगाह उस पर पड़ी। शो के बाद निर्देशक ने उसे अपनी आने वाली फिल्मों, जी हां, फिल्मों केलिए ऑडीशन देने को कहा। फिर वही हुआ जिसे इंग्लिश में कहते हैं, 'रेस्ट इज हिस्ट्री'। ऑरलैंडो पीटर जैक्सन को एक जीनियस मानता है और इसमें कोई शक नहीं कि यह निर्देशक एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है।

न्यूजीलैंड का यह निर्देशक, स्क्रीनप्लेराइटर और प्रड्यूसर फिल्मों की श्रृंखला बनाने जा रहा था। उसी ने प्रसिद्ध उपन्यासकार जे. आर.आर. टोल्किन के उपन्यासों 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' तथा 'होबिट' पर इन्हीं नामों से दो सिने–त्रयी बनाई। इन फिल्मों के लिए ऑरलैंडो करीब 18 महीने न्यूजीलैंड में रहा। इस एक व्यस्ततम अभिनेता ने अक्सर ऐतिहासिक, काल्पनिक तथा 'कॉस्टूम गाथाओं' में अभिनय किया है और आज सिने–उद्योग में इसकी खूब मांग है।

एक्शन सीन में महारत

2002 में सिगरेट छोड़ कर नाखून चबाने वाला, शाकाहार–मांसाहार में आवाजाही करता, ऑरलैंडो फिल्मों में हथियारों के विशेषज्ञ के रूप में तथा धनुष चलाने, तलवारबाजी के लिए जाना जाता है। इसने फिल्मों के लिए तीरंदाजी, सर्फिंग, घुड़सवारी, चाकूबाजी आदि का प्रशिक्षण लिया। फिल्मों में इसके तीर–कमान का कमाल देख कर यूनाइटेड किंगडम में युवाओं के बीच यह खेल लोकप्रिय हो गया।

इस अभिनेता के साथ कई दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। 2001 में शूटिंग के दौरान घोड़े से गिर कर इसकी एक पसली टूट गई। खुद अभिनेता का कहना है कि उसके साथ दुर्घटना की संभावना सदा बनी रहती है। वह स्वीकार करता है कि उसकी कमर, पसलियां, नाक, पैर, हाथ, कलाई, हाथ–पैर की अंगुलियां तो टूटी ही हैं, उसकी खोपड़ी भी तीन बार फट चुकी है।

2004 में एम्पायर पत्रिका ने उसे देह सौष्ठव के मामले में श्रेष्ठ स्थान दिया। स्त्री–पुरुष को मिला कर देखें तो इस पत्रिका के अनुसार उस साल ऑरलैंडो को तीसरा स्थान प्राप्त था। कैरा नाइटली तथा एन्जलीना जोली उससे आगे थीं। धड़ल्ले से फरेंच बोलने वाले ऑरलैंडो के पास 'रॉयल शेक्सपीयर कंपनी' का आमंत्रण सुरक्षित है, फुरसत मिलते ही उसे वहां जाना है। उसकी हार्दिक इच्छा है कि वह इस मंच पर 'हेमलेट' के कठिन किरदार को सार्थक करे।

स्वयं को सदैव समुद्री दस्यु अनुभव करने वाला यह अभिनेता गरिमा के साथ वृद्ध होना चाहता है, दर्द–मुक्त बुढ़ापा जीना चाहता है। ऑरलैंडो अभिनेता इअन मैकेलन को ब्रिटेन का सबसे बड़ा थियेटर अभिनेता मानता है, उसी की तरह काम करना चाहता है।

मैं प्यार के साथ प्यार में हूं, कहने वाला, अपने सह–अभिनेताओं का आदर करने वाला ऑरलैंडो सह–कलाकार जॉनी डेप की विनम्रता और गरिमा का बहुत सम्मान करता है। अपने रोल मॉडल जॉनी डेप की कही बात को सदैव याद रखता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# हरियावा ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश : अवैध संबंध के शक में प्रेमी ने की थी हत्या

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह व सीओ हरियावा शिल्पा कुमारी के कठिन प्रयासों के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी शिल्पा कुमारी व थानाध्यक्ष हरियावा की घटना के खुलासे पर प्रशंसा की और 25000 का इनाम दिया जायेगा। हरियावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात महिला का शव जला हुआ मिला था। एडिशनल एसपी के निर्देशन पर हरियावा पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया। मृतका के प्रेमी सराफत ने बताया गया कि उसको आसरीन पर किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध होने का शक था, जिससे आहत होकर उसने 06 जनवरी को हरदोई में स्थित अपने किराये के मकान से प्राइवेट वाहन द्वारा गोपामऊ पहुंचे जहां पर उसने अपने साथी को मोटरसाइकिल लेकर बुलाया, मोटरसाइकिल से इन तीनों ने थाना हरियावां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर बिनौरा के निकट डगरहा पुलिया के पास पहुंचे जहां पर शौच करने के बहाने मोटरसाइकिल को रोका फिर हम लोगों के द्वारा आसरीन को जान से मारने की नियत से हाथ व दुपट्टे से गला दबाया गया तथा मृत समझने पर पहचान छुपाने के आशय से मेरे व मेरे साथी द्वारा आसरीन पर ज्वलनशील पदार्थ व पराली डालकर आग लगाकर मौके से चले गये। मृतका का मोबाइल अपने साथ लेकर चले गये थे।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने ब्लाइंड मर्डर के सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम को प्रोत्साहन हेतु 25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया। जानकारी के अनुसार 07 जनवरी को थाना हरियावां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर बिनौरा के निकट डगरहा पुलिया के पास एक अज्ञात महिला का अधजला शव मिला था।



पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी हरियावा शिल्पा कुमारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि किसी के द्वारा महिला की हत्या कर शव को जला दिया गया है। ब्लाइंड मर्डर की इस सनसनीखेज घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक हरदोईद्वारा कई टीमों का गठन किया गया व उनकी सहायता हेतु स्वाट, एसओजी, सर्विलांस टीम व मुखबिरों को मामूर किया गया। शव आसरीन पुत्री अमजद निवासी रसूलापुर थाना मझिला की हो सकती है तदोपरांत पुलिस टीम द्वारा इनके पिता को बुलाकर शिनाख्त कराई गई तो पता चला कि उपरोक्त शव अपनी बेटी आसरीन बेगम उर्फ अफसाना उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम रसूलापुर थाना मझिला के रुप में की। मृतका के पिता द्वारा बताया गया कि उनकी पुत्री आसरीन का निकाह तसमीर के साथ करीब 12 वर्ष पूर्व हुआ था तथा आसरीन करीब 03 वर्ष पूर्व गांव के ही युवक सराफत पुत्र वसीर के साथ चली गयी थी जिसके बाद आसरीन का हमसे कभी कोई संपर्क नहीं हुआ। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 04/23 302/201 भादवि0 बनाम सराफत व अन्य साथी नाम–पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था। वैज्ञानिक पद्धतियों व मुखबिरों द्वारा पुलिस टीम के संज्ञान में आया कि सराफत ने अपने एक साथ के साथ मिलकर आसरीन की किसी अज्ञात स्थान पर हत्या कर शव को जलाकर थाना हरियावां क्षेत्रांतर्गत डगरहा पुलिया के पास लाकर फेंक दिया गया।

# मृत्यु की तिथि आदि मालूम कर वरासत की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में करें –डी0एम0

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : देहात कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों से कहा कि पारिवारिक वरासत के मामलों में सावधानी बरते और प्रत्येक सप्ताह गांव की आशा, कोटेदार आदि से माध्यम से जानकारी ले कि गांव में किसी की मृत्यु तो नही हुई है और अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु की तिथि आदि मालूम कर वरासत की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में करायें। श्री सिंह ने कहा कि गांव के गरीब परिवार के मुखिया की सामान्य, दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके परिवार को सरकार की परिवार कल्याण योजना एवं किसानों को कृषक व खलिहान सहायता योजना तहत प्राथमिकता पर लाभान्वित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लेखपाल सप्ताह में तीन राजस्व ग्रामों का भ्रमण करें तथा गांव के वृद्वावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांग पेंशन धारकों का आधार प्रमाणीकरण करें साथ ही चिहिंत अन्त्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही करायें। थाना समाधान दिवस में प्राप्त भूमि संबंधी पांच शिकायती पत्रों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कानूनगो व लेखपालों से कहा कि उक्त विवादित भूमि का निरीक्षण कर ले और अगर उक्त भूमि पर कोई फसल खड़ी है तो भूमि की पैमाइस फसल कटने के बाद करें



और भूमि खाली है तो तत्काल उक्त भूमि की पैमाइस करायें और पीड़ित को न्याय दिलायें। थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने प्रभारी निरीक्षक गंगेश कुमार शुक्ल को निर्देश दिये कि रात्रि गश्त बढ़ाई और बीट सिपाही एवं चौकीदारों से ग्रामीणों क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी प्रत्येक दिन लें और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दबंग, अपराधिक एवं आसामाजिक तत्वों पर नजर रखें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने थाने के निरीक्षण में थाने में हो रहे निर्माण कार्य, महिला हेल्प डेस्क, आदि को देखा। थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला, सीओ सिटी विनोद कुमार द्विवेदी तथा कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहें।

# लखपति भिखारी की रहस्यमय स्थिति में मौत : पास से मिले 3.64 लाख रुपये

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके में लखपति भिखारी की शुक्रवार को मौत हो गई। एक महीने पहले वह सड़क हादसे में घायल हुआ था। तब पुलिस को उसकी जेब से तीन लाख 64 हजार रुपये मिले थे। शहर के एक निजी अस्पताल में उसका टूटी एड़ी की ऑपरेशन हुआ था। ड्रेसिंग कराने उसी अस्पताल पर गया था। ड्रेसिंग के बाद गाड़ी पर बैठते समय उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, पिपराइच थाना क्षेत्र के समदार खुर्द निवासी शरीफ जन्मजात मूकबधिर थे। भतीजे इनायत अली के साथ रहते थे। दशकों से गुलरिहा के भटहट मेन चौराहे पर भिक्षाटन करते फिरते थे। 16 दिसम्बर को इसी थाना क्षेत्र के बैलो निवासी अपने साथी अविनाश निषाद के साथ भटहट कस्बे होते हुए महराजगंज की ओर जा रहे थे। वाटर एटीएम के पास बाइक की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय पुलिस इलाज के लिए भटहट सीएचसी ले गई थी। वहां के चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था।



घायल मूकबधिर को एंबुलेंस में बैठाते समय चौकी इंचार्ज ने घायल की तलाशी ली। उसके बाद जो नजारा देखने को मिला तो सभी दंग रहे। घायल की जेब से तीन लाख चौसठ हजार एक सौ पचास रुपया बरामद हुए थे जो पुलिस ने जमा करा दिए थे। एक सप्ताह पहले पुलिस ने मूकबधिर के रुपये उसे वापस दे दिए थे। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। इस संबंध इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली थी, न ही कोई कार्रवाई की गई है।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट द्वारा ''सस्टेनेबल एंड एजाइल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज'' विषय पर सेमिनार का किया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ के मार्केटिंग एरिया ने शुक्रवार को संस्थान के परिसर में ''सस्टेनेबल एंड एजाइल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज'' विषय पर अपना वार्षिक मार्केटिंग कॉन्क्लेव आयोजित किया। कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता थे श्री विशाल भुसारी, सीनियर डायरेक्टर आरजीएम एंड कमर्शियल एक्सीलेंस – एपीएसी/मिडिल ईस्ट/अफ्रीका । सीनियर डायरेक्टर सेल्स साउथ एशिया, केलॉग्स। कॉन्क्लेव के अन्य पैनलिस्ट थे गगन अरोड़ा, सीएमओ, प्रिस्टिन केयर, गुड़गांवय जय अग्रवाल, एमडी, सी.पी. दूध और खाद्य उत्पाद। प्रा. लिमिटेड, लखनऊय वेद कृष्ण, संस्थापक, पक्का इंक (यूएसए)य और यावर अली शाह, एएमए हर्बल ग्रुप ऑफ कंपनीज, लखनऊ के सह–संस्थापक और सीईओ। कार्यक्रम की शुरुआत स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर, मार्केटिंग क्लब द्वारा थीम दीक्षा के साथ हुई, इसके बाद जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ की निदेशक डॉ. कविता पाठक ने स्वागत भाषण दिया। ''सस्टेनेबल मार्केटिंग आज के समाज की जरूरतों से परे है, लेकिन सभी हितधारकों और व्यापक दुनिया की भलाई पर ध्यान केंद्रित करती है। लोग जिन प्रमुख स्तंभों की तलाश करते हैं वे पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक हैं। आज जनसंख्या, विशेष रूप से मिलेनिअल उन ब्रांडों पर अधिक खर्च करने के लिए तैयार हैं जो एक ऐसे कारण का समर्थन करते हैं जिसकी वे परवाह करते हैं। ब्रांड या उत्पाद न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं बल्कि समाज की भी परवाह करते हैं। पूरे मॉड्यूल में सबसे महत्वपूर्ण विषय हैं समानता, विविधता और समावेश'', विशाल भुसारी ने कहा। ''हमारे लिए, सब कुछ केवल सस्टेनिबिलिटी (स्थिरता) के बारे में नहीं है बल्कि रीजनरेशन (उत्थान) भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि जो है उसे बनाए रखना स्थिरता है, लेकिन हम पृथ्वी को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए, आमतौर पर, हम जो कुछ भी करते हैं, वह इस बारे में होता है कि हम कुछ ऐसा करें हैं जो पर्यावरण के लिए बेहतर हो। विश्वसनीयता और विश्वास बहुत जल्दी नहीं बनाया जा सकता। जब चपलता की बात आती है, तो




कुछ भी चुस्त नहीं है, सब कुछ एक धीमी विश्वसनीयता–उन्मुख प्रक्रिया है'', पक्का इंक (यूएसए) के संस्थापक वेद कृष्ण ने कहा। एएमए हर्बल ग्रुप ऑफ कंपनीज, लखनऊ के सह–संस्थापक और सीईओ श्री यावर अली शाह ने कहा, '' जब हम स्थिरता की बात करते हैं तो किसी उत्पाद का जीवन चक्र विश्लेषण एक महत्वपूर्ण शब्द होता है। एएमए हर्बल जो कुछ भी कर रहा है वह प्राकृतिक है, इसमें कुछ भी रासायनिक नहीं है।''। ''एक व्यक्ति को समय पर तेजी से निर्णय लेना होता है। सही और गलत निर्णय पर विचार और उसका आंकलन कर उसे इस प्रक्रिया में सुधार करते रहना चाहिए, यह एजाइल का मुख्य कार्य है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटाइजेशन तकनीकों के कारण पूरे मार्केट इकोसिस्टम में क्रांति आ गई है। मार्केटिंग के इस फुर्तीले मॉडल से हमें वास्तव में जो हासिल होता है, वह यह है कि हम समीक्षा, शिकायत, प्रशंसा आदि जैसी हर चीज को मापने में सक्षम थे। एजाइल'' का एक बड़ा फायदा यह है कि यह हमेशा लोगों को केंद्र में रखती है। इसने मुझे अधिक ग्राहक–केंद्रित बनने में मदद की है'', श्री जय अग्रवाल, एमडी, सी.पी. मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा। पैनल चर्चा के दौरान, श्री गगन अरोड़ा, सीएमओ, प्रिस्टिन केयर, गुड़गांव ने कहा ''हमें स्थिरता की अवधारणा को खुद पर लागू करने की आवश्यकता है। संगठनों ने इन प्रक्रियाओं को काफी हद तक स्वीकार भी किया है। खाद्य उद्योग में पैकेजिंग और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में जैव चिकित्सा अपशिष्ट सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हैं। कोई भी संगठन सफल नहीं हो सकता है यदि इसमें काम करने वाले लोग सस्टेनेबिल प्रैक्टिस नहीं करते हैं। उपभोक्ताओं को इन प्रथाओं को अपनाने के बारे में पता नहीं चलेगा यदि उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है''। पैनल चर्चा के बाद छात्रों की प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

# इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2022 में चयनितों के आकर्षक प्रमाण पत्र ऑनलाइन उपलब्ध

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जे डी माध्यमिक लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि अभी जल्द ही घोषित किये गए इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2022–23 के परिणाम में चयनितों के लिए खुशखबरी ये है कि सभी चयनित बाल वैज्ञानिकों को केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा 'चयन का सर्टिफिकेट' ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिया गया है,लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों से जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए कुल 174 बाल वैज्ञानिकों के चयन हुए हैं,सभी को केंद्र सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि 10 हजार रुपये डी बी टी के माध्यम से जल्द ही प्रदान कर दिये जायेंगे। चयनित बाल वैज्ञानिकों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अनुरोधा है कि वो इंस्पायर अवार्ड मॉनक पोर्टल पर बनी अपनी स्कूल आई डी को लॉगिन कर के उपरोक्त सर्टिफिकेट डाउनलोड कर उसकी हार्डकॉर्ड शीट पर रंगीन प्रिंटआउट निकालकर चयनित बाल वैज्ञानिक को प्रदान करते हुए,विद्यालय की प्रार्थना सभा मे अपने स्कूल के चयनित बाल वैज्ञानिक छात्र छात्रा को सम्मानित करने का कष्ट करें। डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि यदि किसी विद्यालय को प्रमाणपत्र डाऊनलोड करने में किसी तरह की समस्या हो तो उनसे सहायता ले सकते हैं।डाउनलोड कर प्राप्त किये जाने वाले सर्टिफिकेट पर छात्र छात्रा का इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2022 का रेफरेंस नम्बर ,उनका नाम,पिता का नाम और दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि 10000 का उल्लेख किया गया है– 'डॉ दिनेश कुमार,मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल' ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक चयनित विद्यालय के प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि वो अपने विद्यालय से चयनित होनहार छात्र छात्रा को केन्द्र सरकार द्वारा ऑनलाइन उपलब्ध करवाए गए प्रमाण पत्र को प्रार्थना सभा मे सभी छात्र छात्राओं के सम्मुख सम्मानित करते हुए प्रदान करें, फिलहाल लखनऊ मण्डल से कुल 174 चयन हुए हैं। डॉ0दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल ने उक्त जानकारी दी।

## धूप खिलने से लोगों को मिली राहत : शाम होते ही बढ़ रही गलन

गोरखपुर ब्यूरो : नए साल में शुक्रवार को पहली बार चटख धूप निकलने से लोगों को पूरे दिन ठंड से काफी राहत मिली। हालांकि शाम होते ही गलन बढ़ने से एक बार फिर लोग घरों में दुबक गए। वहीं शनिवार सुबह कुछ देर के लिए भयंकर ओस गिरी लेकिन थोड़ी देर बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। वायुमंडल में छाए कोहरे के छंटने से सूरज की किरणें जमीन तक पहुंची। इससे बीते दो दिनों में अधिकतम तापमान में नौ डिग्री और न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान जहां 19.8 और न्यूनतम 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नए साल में पहली बार न केवल सूरज दो घंटे से अधिक देर के लिए बाहर निकला बल्कि धूप में तपिश भी महसूस की गई। इसका असर जनजीवन पर भी दिखाई पड़ा। पार्क से लेकर बाजार तक में रौनक बढ़ गई। 10 से अधिक दिनों से सूने पड़े पार्क के झूलों पर बच्चे झूलते मिले तो वहीं उनकी खिलखिलाहट भी खूब सुनाई पड़ी। गोरखनाथ में लगे मेले और गोरखपुर महोत्सव में भी रोज की तुलना में शुक्रवार को ज्यादा भीड़ लगी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अधिकतम तापमान अब चढ़ेगा और लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।सात घंटे देर से पहुंची गोरखधाम एक्सप्रेस कोहरे की वजह से दिल्ली से आने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनें शुक्रवार को भी लेट से गोरखपुर पहुंचीं। सुबह 9:45 बजे गोरखपुर पहुंचने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस सात घंटे देर से शाम 4:30 बजे पहुंची। ट्रेनों की इस कदर लेटलतीफी



से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कड़ाके की ठंड में ट्रेन के इंतजार में यात्री और उनके घरवाले परेशान हो रहे हैं। स्टेशन पर सर्द हवाओं के बीच उन्हें घंटों गुजारना पड़ रहा है। इसी तरह सप्तक्रांति एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से आई। इसके अलावा बाघ एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, अवध एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन पहुंची। 2.45 घंटे देर से आई मुंबई की फ्लाइट, सोनू निगम समेत सभी यात्री हुए परेशान मुंबई से गोरखपुर आने वाली स्पाइस जेट और इंडिगो, दोनों ही फ्लाइट शुक्रवार को देर से पहुंची। खराब मौसम की वजह से सुबह 10:15 बजे आने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट 2:45 घंटे की देरी से गोरखपुर पहुंची। उसी समय हैदराबाद से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट के लैंड कर जाने से मुंबई की स्पाइस जेट की फ्लाइट को आधे घंटे तक रनवे पर ही खड़ा करना पड़ा। इसी फ्लाइट से गायक सोनू निगम भी गोरखपुर महोत्सव में शामिल होने आ रहे थे। ऐसे में पहले देर से पहुंचने और फिर रनवे पर ही विमान के खड़ा हो जाने से सोनू निगम समेत सभी यात्री परेशान हुए। वहीं शाम 5:30 बजे मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट भी एक घंटे की देरी से गोरखपुर पहुंची।

# संगम तट पर उमड़ा आस्था का रेला : श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

प्रयागराज ब्यूरो : संगम पर मकर संक्रांति स्नान रविवार से शुरू हो गया। भोर से ही श्रद्धालुओं का हुजूम संगम तट पर पहुंचने लगा। हर हर महादेव और हर हर गंगे के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। सूर्य के उत्तरायण होने पर देश के कोने–कोने से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 घाटों पर डुबकी लगाने की व्यवस्था की गई है। इस बार भी मकर संक्रांति की डुबकी दो दिन लगेगी। शनिवार की रात सूर्य उत्तरायण हो रहे हैं, स्नान सुबह से ही आरंभ हो गया। लेकिन, पुण्यकाल की मान्यता रखने वाले रविवार को संक्रांति की डुबकी लगाएंगे। जगमग दूधिया एलईडी बल्बों, रंग–बिरंगी रोशनियों से संगम की रेती पर तंबुओं का भव्य नगर सज गया है। गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती की गोद आस्था–विश्वास की अनंत बूंदों से भर गई है। ज्ञान की गहरी जड़ों के रूप में विराजित अक्षय वट से लेकर त्रिवेणी, काली और गंगोली शिवाला मार्ग तक संतों, भक्तों, कल्पवासियों के लाल, पीले, नीले, हरे शिविर सजने के साथ ही माघ मेले की छटा निहारते बन रही है। शनिवार की रात 8:44 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही खरमास उतर जाएगा। उदया तिथि की मान्यता के क्रम में पुण्यकाल रविवार की सुबह से शाम तक रहेगा। लेकिन संगम पर डुबकी शनिवार को ही लगने लगी। सूर्य के उत्तरायण होने से पहले मकर संक्रांति स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला शिविरों में पहुंचने लगा। तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात, पांच ड्रोन कैमरों से निगरानी दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तीन एएसपी समेत कुल 19 अफसरों के पर्यवेक्षण में फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई है। 155 सीसीटीवी कैमरों के अलावा कुल पांच ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। मेले में पीएसी की 10 कंपनियां पूर्व में ही तैनात थीं। मकर संक्रांति के लिए पांच अतिरिक्त कंपनियां भी एक दिन पहले ही आ गईं। इसके अलावा जोन के जनपदों में से 30 अतिरिक्त इंस्पेक्टर भी ड्यूटी में लगाए गए हैं। एसपी मेला सुरक्षा राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला के मानसरोवर सभागार में जवानों की ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी जोन भानु भास्कर के अलावा पुलिस आयुक्त रमित शर्मा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे। 155 सीसीटीवी कैमरे पूरे मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं जिनके जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। अरैल, परेड, संगम, झूंसी में ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। जवानों को उनके ड्यूटी प्वाइंट पर रात में ही तैनात कर दिया गया है। इससे पहले ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा–निर्देश दिए गए। जल पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ को भी तैनात किया गया है। मकर संक्रांति स्नान की तैयारी पूरी, 2800 बसों का होगा संचालन मकर संक्रांति स्नान पर्व की तैयारियों को रेलवे और रोडवेज ने शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया। संक्रांति के



अवसर पर रोडवेज द्वारा दिन भर में विभिन्न स्थानों से 2800 बसों के संचालन की तैयारी की गई है। उधर रेलवे प्रशासन रामबाग स्टेशन से दो स्पेशल ट्रेन चलाएगा। वहीं प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम स्टेशन से भीड़ देखकर ही आवश्यकतानुसार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस बीच जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री भी रेलवे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को जंक्शन पहुंचे। रोडवेज की बात करें तो कुंभ मेला की तर्ज पर अस्थायी बस स्टेशन से भी बसें चलाई जाएंगी। कुल 2800 बसों का संचालन होगा, इनमें से 200 बसें रिजर्व रहेंगी। रेलवे स्टेशन के पास खुशरोबाग, पत्थर गिरिजा घर, नैनी लेप्रेशी मिशन चौराहा एवं झूंसी से भी बसों का संचालन होगा। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि माघ मेले के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं प्रयागराज रामबाग से पर्व के मौके पर गाड़ी संख्या 05109/05110 बनारस–प्रयागराज विशेष ट्रेन बनारस से 14 जनवरी को रात साढ़े 10 बजे चलेगी। वापसी में रामबाग से 15 जनवरी को सुबह 7.20 बजे रवाना होगी। वहीं 05111/05112 बनारस–प्रयागराज 15 जनवरी बनारस से दोपहर 2.50 बजे चलेगी। वापसी में 15 जनवरी को रामबाग से सुबह 11 बजे रवाना होगी। वहीं दूसरी ओर भीड़ न होने की वजह से सिविल लाइंस साइड से प्रवेश पर लगाई गई रोक आज कुछ घंटे के लिए हटा दी गई। इससे यात्रियों को राहत मिली। डीएम ने कहा दुकानों पर खाद्य पदार्थों के दाम की लगाई जाए सूची डीएम ने शुक्रवार की शाम प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां संभावित भीड़ के प्रबंधन के लिए की गयी तैयारियों के बारे में भी पूछा। तीर्थ यात्रियों के लिए बनाये गये होल्डिंग स्थलों पर प्रकाश, पानी, शौचालय सहित अन्य भूलभूत सुविधाओं के समुचित प्रबंध बनाये रखने के लिए उन्होंने कहा। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार तथा पार्किंग स्थल के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कंट्रोल रूम को भी देखा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि वह होल्डिंग एरिया में एंबुलेंस, दवाओं एवं चिकित्सकों की उचित व्यवस्था बनाकर रखें। दुकानों पर बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों की निर्धारित मूल्य सूची भी लगाए जाने का निर्देश उन्होंने दिया। कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने वाले लोगो के विरूद्ध कार्रवाई भी की जायेगी। डीएम ने प्रयागराज जंक्शन के अलावा रामबाग, एंग्लो बंगाली इण्टर कालेज एवं प्रयाग स्टेशन सहित कई अन्य क्षेत्रों के मार्गों का भ्रमण कर आवागमन के बारे में जानकारी ली। रूट वार बसों का संचालन झूंसी अस्थायी बस स्टेशन : गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, वाराणसी, जौनपुर आदि मार्ग सिविल लाइंस बस स्टेशन : वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर, जौनपुर, आजमगढ़, कानपुर आदि मार्ग। पत्थर गिरजा अस्थायी बस स्टेशन : कानपुर, लखनऊ, मंझनपुर, सराय अकिल आदि मार्ग। जीरोरोड बस स्टेशन : बांदा, मिर्जापुर, चित्रकूट, रीवा आदि मार्ग। नैनी लेप्रेसी अस्थाई बस स्टेशन : बांदा, मिर्जापुर, चित्रकूट, रीवा आदि मार्ग।

# महिला ने सीएम योगी से मांगा जहर बोली– परिवार के लाशों के ऊपर से बना लेना कॉरिडोर

मथुरा ब्यूरो : मथुरा में एक महिला का वीडियो सामने आया है। इसमें वह वृंदावन में बनने वाले कॉरिडोर के विरोध में इच्छा मृत्यु मांग रही है। उसका कहना है कि उसके घर में 12 सदस्य हैं। कॉरिडोर बनने से पहले सरकार उसे 12 पुड़िया जहर दे जिसे खाकर परिवार आत्महत्या कर ले। कहा कि हमको अगले जन्म में भी ब्रज में ही रहने को मिले। वीडियो में महिला ने कहा कि, 'हे मोदी जी, हे योगी जी..हमारे 80 गज के मकान में 12 लोग रहते हैं। आप हमारे लिए 12 जहर की पुड़िया दे दीजिए। इसके बाद हमारे शवों के ऊपर से कॉरिडोर बना लीजिए। आपकी भी इच्छा पूरी हो जाएगी और हमें भी बृज की रज मिल जाएगी। हम जहर खाकर इसी में मिल जाएंगे। फिर आप अपनी कॉरिडोर बनाने की इच्छा पूरी कर लीजिए।' ज्ञात हो कि इससे पहले भी बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर वृंदावन में विरोध के स्वर उठ चुके हैं।



सेवायत, व्यापारियों सहित स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अब जनता का भी विरोध बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में वृंदावन की महिला का विरोध करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# माघ माह संक्रान्ति पर्व मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। माघ माह संक्रान्ति पर्व श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से प्रारम्भ हुआ जो रात्रि 9:30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में शबद कीर्तन –माघि मजनु संगि साधूआ धूड़ी करि स्नान।। एवं नाम सिमरन, द्वारा आई साध संगतों को निहाल किया तत्पश्चात् मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने माघ माह संक्रान्ति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ईश्वरीय गुणों का वर्णन किया कि इस माह में तीर्थ स्नान करने से मनुष्य के तन मन की मैल तो धुल जाती है परन्तु मन की मैल नही धुल पाती क्योंकि पानी की पहुँच मन तक नही है, मन तो अपवित्र रहता है, मन की मैल तो केवल प्रभु सिमरन करने से ही पवित्र होती है इसलिये पानी और बाणी में बड़ा




अन्तर है। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने बाणी गुरु गुरु है बाणी विच बाणी अमृत सारे।। शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। सतपाल सिंह मीत ने कार्यक्रम का संचालन किया। दीवान की समाप्ति के पश्चात लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने आयी साध संगतों को माघ माह संक्रान्ति पर्व की बधाई दी। लंगर बांटने की सेवा दशमेश सेवा सोसायटी के सेवादारों द्वारा की गई।

# मा. उच्च न्यायालय द्वारा माफिया मुख्तार के भाई व गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की याचिका को किया गया खारिज

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया मुख्तार के भाई तथा गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनके खिलाफ गाजीपुर जिला कोर्ट में जारी गैंगस्टर केस की सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सांसद अफजाल ने गाजीपुर के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट की ओर से चार अगस्त 2022 को खारिज उन्मोचन अर्जी तथा 23 सितंबर 2022 को उनके खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए निर्णय दिया कि यदि कोई आरोपी गैंग चार्ट के किसी केस से बरी भी हो जाता है तो भी उसे गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत दंडित किया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने सांसद अफजाल अंसारी की दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के अंतर्गत दाखिल अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। याची की ओर से बहस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप गुप्ता का कहना था कि याची के खिलाफ वर्ष 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में दर्ज प्राथमिकी को लेकर वर्ष 2007 में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बहस की गई कि दिल्ली की सीबीआई कोर्ट ने भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में आरोपी याची तथा भाई मुख्तार अंसारी समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। इस कारण अब उसी केस को लेकर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा चलाना गलत है। याची ने अपने को मोहम्मदाबाद, गाजीपुर से पांच बार विधायक चुने जाने. तत्पश्चात सांसद चुने जाने की दलील पेश करते हुए अपने को सामाजिक कार्यकर्ता बताया। कहा, उसके खिलाफ गैंगस्टर में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी ने सांसद की



याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सीबीआई कोर्ट से बरी होने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दाखिल है, जो मंजूर हो गई है। याची अपराधियों के खूंखार गैंग का सक्रिय सदस्य है। यह गैंग हत्या, लूट, अपहरण, फिरौती आदि के कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। गैंग के सदस्यों के खिलाफ कोई गवाही देने के लिए भयवश सामने नहीं आता। इस गैंग ने अपने इस खौफनाक आपराधिक घटनाओं की वजह से अकूत दौलत कमाई है। गैंग का लीडर मुख्तार अंसारी जेल से ही गैंग को संचालित करता है। यह भी कहा गया कि याची सांसद अफजाल के खिलाफ सात अपराधी केस गैंग चार्ट में शामिल है तथा इसके भाई माफिया मुख्तार के खिलाफ 54 केस गैंग चार्ट में शामिल है। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, गैंगस्टर एक्ट का उद्देश्य संगठित अपराध को रोकना है। कोर्ट ने यह भी कहा, अगर यह साबित हो जाता है कि गैंग का कोई सदस्य स्वयं या गैंग के किसी सदस्य के साथ अपने या गैंग के फायदे के लिए अपराध कारित करता है तो उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत दंडित किया जा सकता है।

# क्षेत्रीय विद्यालय प्रबंधक संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री का चुनाव सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। क्षेत्रीय विद्यालय प्रबंधक संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री का चुनाव जे.एन. बैक्वेट हाल संपन्न हुआ. जिसमे आमोद कुमार सिंह (अध्यक्ष) व वर्षा सचान (महामंत्री) दोनों ही प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए. संरक्षक मण्डल अवधेश सिंह, सेवक



राम, सर्वजीत सिंह, डी. जी. सिंह यादव,जय शंकर बाजपेई, प्रीती बाजपेई, राम शंकर राजपूत के साथ आलोक पाल, शशांक सिंह, दिनेश कुमार, आशीष द्विवेदी, अतुल कुमार, आलोक मिश्रा, अंकित उपाध्याय, भरत सक्सेना, अमित सिंह व सभी क्षेत्रीय 146 प्रबंधको ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# थाना दिवस पर एसडीएम ने सुनी सबकी समस्याएं

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : थाना प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम सवायजपुर ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया। थाना प्रांगण में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम सवायजपुर अभिषेक कुमार




सिंह पहुँचे। समाधान दिवस में कुल 4 शिकायतें दर्ज हुई।जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने फरियादियों की भू राजस्व से संबंधित शेष दो शिकायतों को सुनकर उनका अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मियों से निस्तारण कराने के निर्देश दिए।समाधान दिवस में पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई।एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनीं।इस दौरान एसडीएम ने कहा कि राजस्व–पुलिस से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य स्थापित कर सुनिश्चित किया जाये।इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी।

# अभ्यर्थिता निरस्त करने की वैधानिकता पर बहस के बाद सुरक्षित किया फैसला

प्रयागराज ब्यूरो : लाहाबाद हाईकोर्ट ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) पद की भर्ती में आपराधिक केस के खुलासे के साथ आवेदन देने के बावजूद अभ्यर्थिता निरस्त करने की वैधानिकता पर पक्षों की बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। सरकार की ओर से कहा गया कि अभ्यर्थिता निरस्त होने के दूसरे दिन बरी करने का आदेश हुआ, किंतु याची सम्मानजनक ढंग से बरी नहीं हुआ है। जबकि याची का कहना है कि उसने अपराध का खुलासा किया और बरी भी हो गया है। चयनित होने के बाद उसकी अभ्यर्थिता निरस्त करना गलत है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी तथा न्यायमूर्ति एमएएच इदरीसी की खंडपीठ ने भूविज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के मेट्योलाजी के महानिदेशक कार्यालय में अपर डिविजनल क्लर्क ललित कुमार की विशेष अपील पर दिया है। याची ने सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती 2015 में अर्जी दी। परीक्षा, साक्षात्कार में सफल होने पर उप्र लोक सेवा आयोग से 21 अगस्त 2017 को उसे चयनित कर लिया। बाद में कोर्ट ने उसे आपराधिक मामले में एक फरवरी 2019 को बरी भी कर दिया। नियुक्ति की मांग में दाखिल अर्जी छह नवंबर 2021 को यह कहते हुए निरस्त कर दी गई कि ससम्मान बरी नहीं किया गया है। एकलपीठ ने याचिका खारिज कर दी, जिसे अपील में चुनौती दी गई।

# अयोध्या राम मंदिर का 70 प्रतिशत काम पूरा : गर्भगृह के पिलर 14 फीट तक तैयार : 2024 में शुरू हो सकेंगे दर्शन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा लगभग 2 साल 4 माह का वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अयोध्या, लखनऊ एवं आसपास के लगभग 200 से अधिक मीडिया बन्धुओं को मंदिर निर्माण की अद्यतन प्रगति से रूबरू कराया गया तथा श्रीरामलला का दर्शन पूजन एवं प्रसाद वितरित किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय एवं सदस्य अनिल मिश्र ने मीडिया बन्धुओं को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण स्थल का दर्शन करने के लिए विगत 5 अगस्त 2022 को अवसर प्रदान किया गया था उसके बाद आज पावन पर्व मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर मीडिया कर्मियों के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की प्रगति से सभी रामभक्तों एवं श्रद्धालुओं को अवगत कराया गया। श्रीराम जन्मभूमि निर्माण स्थल के दर्शन के दौरान निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा मीडिया कर्मियों को प्रगति, निर्माण पूर्ति की तिथि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी और बताया गया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय पर निर्माण पूर्ण कर लिया जायेगा। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मंदिर से जुड़े अन्य गणमान्य व्यक्ति, श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र के शरद शर्मा, राम शंकर, गोपाल जी, धर्मवीर, प्रेम त्रिपाठी, गिरीश चन्द्र, एलएनटी से जुड़े विनोद मेहता, विनोद शुक्ला एवं विनोद सिंह, आरएमओ अर्जुन देव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सभी मीडिया बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मीडिया बन्धुओं के माध्यम से रामभक्तों एवं श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के प्रगति से अवगत कराते हुये निर्धारित समयावधि पर कार्य को पूर्ण कराने को बताया । उप निदेशक सूचनाध्प्रभारी मुख्यमंत्री मीडिया



सेन्टर लखनऊ डा0 मुरली धर सिंह ने सभी उपस्थित मीडिया बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पावन नगरी अयोध्या धाम में निर्मित हो रहे भव्य श्रीरामलला मंदिर का विश्व भर में प्रचार प्रसार करना है। मकर संक्रांति पर्व के पूर्व संध्या के अवसर पर श्रीराम लला विराजमान मंदिर के दर्शन पूजन के साथ मंदिर निर्माण की अद्यतन स्थिति के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से अयोध्या के अतिरिक्त प्रदेश मुख्यालय एवं अन्य जनपदों के मीडिया द्वारा निर्धारित समय 12 बजे से 2 बजे तक मंदिर निर्माण के सम्बंध में अवलोकन किया गया तथा फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की गयी। अयोध्या, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय जी ने सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा बेहतर सहयोग की कामना की है। इसके साथ ही मीडिया बन्धुओं ने भी दर्शन पूजन के लिए जिला प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों की सराहना की।

# उम्रकैद की सजा भुगत रहे हत्या के अभियुक्त की जमानत मंजूर : 16 वर्ष बाद मिली जमानत

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 अगस्त 2006 से जेल में बंद हत्या के अभियुक्त की जमानत मंजूर कर ली है। साथ ही उम्र कैद तथा 25 हजार जुर्माने की सजा के खिलाफ अपील को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा सह अभियुक्त को राज्य सरकार ने रिहा कर दिया है। याची लंबे समय से जेल में कैद है। सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई में देरी है। इसलिए वह जमानत पर रिहाई का हकदार है। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत मुचलके तथा दो प्रतिभूतियों पर उसे रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति नलिन श्रीवास्तव की खंडपीठ ने रईस इकबाल की चौथी बार दाखिल जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए



दिया है। इससे पहले तीन बार दाखिल जमानत अर्जी कोर्ट खारिज कर चुकी है। अपर सत्र न्यायाधीश आगरा ने सात सितंबर 2007 को सजा सुनाई। सदर थाने में याची पर हत्या के आरोप में एफ आईआर दर्ज हुई। पुलिस चार्जशीट के बाद अदालत ने दोषी करार दिया और सजा सुनाई। इसे अपील में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि याची सौदान सिंह केस के फैसले के तहत जमानत पाने का हकदार है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।